


नवभारत 10
इंदौर, रविवार, 24 अगस्त, 2025

## एक नजर में

### भगवान शनिदेव की महाआरती कर पूजन अभिषेक किया



**उज्जैन।** शनिचरी अमावस्या के अवसर पर रामघाट स्थित श्री क्षिप्रेश्वर सिद्ध शनि मंदिर में भगवान शनिदेव का विशेष सिंगार किया गया। मंदिर पर सुबह से ही दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर रोज हजारों की संख्या में मंदिर पर दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आते हैं इसलिए इस मंदिर की खासी मान्यता है। मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री क्षिप्रेश्वर शनि सामाजिक कल्याण समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भगवान श्री शनिदेव का तेल से रुद्राभिषेक, पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं ने शनिदेव के श्रृंगार दर्शन किए। शनिचरी अमावस्या होने से विशेष महत्व हो जाता है। सभी श्रद्धालु शिप्रा नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद शनि मंदिर पर जाकर भगवान शनिदेव को काले तिल और सरसों का तेल अर्पित किया।ऐसा करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं शनिदेव पूरी कर देते हैं। शनि देव को न्याय का देवता माना जाता है और उनकी पूजा करने मात्र से ही वह प्रसन्न हो जाते हैं। इसीलिए अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान दान और दर्शन कर मंदिर पर पहुंचे। शनिवार के दिन तिल के तेल, सरसो के तेल और दूध से अभिषेक, पूजन कर काली तिल और शनि संबंधित सामग्री अर्पण कर दान करे तो भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है तथा शनि की साढ़ेसाती, ढैया और महादशा आदि कष्टों और पीड़ा से भी मुक्ति मिलती हैं। शनिदेव की विशेष कृपा से सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त होती हैं।

### मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम में युवाओं का होगा चयन

**घट्टिया।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के दिशा निर्देश अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड घट्टिया के 10 युवाओं (5 युवक एवं 5 युवतियों) का चयन किया जाएगा। इस योजना में विकासखंड के युवाओं का एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, मेधावी छात्र, मेधावी खिलाड़ी के मान से युवा और युवतियों, जिनकी आयु 15 वर्ष से 25 वर्ष तक हो का चयन किया जाएगा । विकासखंड स्तर से प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय पर गठित समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण किया जाकर लॉटरी द्वारा चयन किया जाएगा। उक्त जानकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वयक बलवीर सिंह पवार ने दी ।

### जोधपुर में दिसंबर में होगा अंतराष्ट्रीय सारस्वत महासम्मेलन

**उज्जैन के महाराष्ट्रीय सारस्वत समाज को दिया निमंत्रण**



**उज्जैन।** जोधपुर में 20 और 21 दिसंबर को होने जा रहे अंतराष्ट्रीय सारस्वत महासम्मेलन हेतु उज्जैन के महाराष्ट्रीय सारस्वत समाज न्यास भवन में समाज के पदाधिकारीयों से मुलाकात कर उन्हें महासम्मेलन में आने हेतु निमंत्रण दिया। निमंत्रण हेतु सारस्वत महासम्मेलन के पदाधिकारी घनश्याम ओझा लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रतिनिधि मंडल में कैलाश सारस्वत, कैलाश ओझा, रामदेव ओझा, राधेश्यामजी उज्जैन पधारे। उन्होंने उज्जैन के महाराष्ट्रीय सारस्वत समाज न्यास भवन में समाज के पदाधिकारीयों से मुलाकात कर उन्हें महासम्मेलन में आने हेतु निमंत्रण दिया। इस बैठक में समाज के उपाध्यक्ष मिलिंद पन्हालकर, सचिव उल्हास मांजरेकर, सहसचिव वैशाली कवठेकर, कोषाध्यक्ष सुधीर वेंगुर्लेकर, प्रकाश रांगनेकर, विनोद मातवनकर, अतुल रेगे, अतुल केकरे, ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे। यह जानकारी मिलिंद पन्हाळकर ने दी।

### माधव कॉलेज में माटी के गणेश कार्यशाला



**उज्जैन।** मनुष्य का निर्माण माटी से हुआ है। अन्तत: उसे माटी में ही मिलना है। यही प्रकृति का विधान है। प्लास्टर ऑफ पेरिस से गणेश जी निर्माण बन्द करने से पर्यावरण का नुकसान बचा है। हमने प्रकृति के साथ न्याय किया है। इको फ्रेंडली गणेश जी का निर्माण हमारे पूर्वज भी करते थे। आधुनिकरण से विकास के साथ विनाश भी आता है। हम समाज से मिट्टी के गणेश के निर्माण का आव्हान करें। यह बातें माटी के गणेश कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए माधव कॉलेज की प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कही। जन अभियान परिषद के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला की संयोजक डॉ अल्पना उपाध्याय ने बताया कि मध्य प्रदेश में स्वर्गीय सांसद अनिल दवे ने माटी के गणेश का सबसे पहले आवाह्न किया था। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ नीता तोमर ने व्यक्त किया। कार्यशाला में एकनाथ ने विधार्थियों को माटी से गणेश बनाना सिखाया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए गणेश जी को विक्रय भी किया गया। इस अवसर डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. संगीता दुबे, डॉ. मोहन निमोले, डॉ. ज्योति वेद, डॉ. नीलिमा नागदेव, प्रो. दीपक ठाकर, डॉ. रीना, क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट विशेष रूप से उपस्थित थे।

### माधव कॉलेज में रामकृष्ण मठ के पुस्तक वाहन की आमद




**उज्जैन।** स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि अंतर्निहित क्षमताओं का पूर्णत्म विकास ही शिक्षा है। विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर भविष्य निर्माण करें। स्वामी जी का जीवन राष्ट्रीयता, धर्म और अध्यात्म से परिपूर्ण था। उन्होंने विश्व में भारत के उत्कृष्ट को मनवाया। यह उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज और एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने रामकृष्ण मठ के पुस्तक वाहन में स्वामीजी से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार एनसीसी अधिकारी डॉ. मोहन निमोले ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मठ पुणे के समन्वयक विवेक नवले ने प्राचार्य को पुस्तकों का सेट भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो अल्पना उपाध्याय, डॉ. संगीता दुबे, प्रो दीपक ठाकर, डॉ. शोभा मिश्रा, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. एमपी वर्मा, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, डॉ. जीएल खागोडे, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. गणेश राठौड़ सहित भूगोल विभाग के शोधार्थियों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने पुस्तकों का अवलोकन कर पुस्तकें खरीदी।

# विद्यार्थियों को बताया सेबी कैसे करता है स्टॉक एक्सचेंज का विनिमय

## निवेशकों की सुरक्षा, बाजार की निगरानी, सेबी एवं एनएसई के सेमिनार में उज्जैन के समस्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



**उज्जैन। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारत में स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को नियंत्रित करने वाली प्रमुख संस्था सिक्योरिटिज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) द्वारा 23 अगस्त को उज्जैन जिले के समस्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन निर्मला महाविद्यालय में किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. एंटोनी जोसेफ निरप्पेल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रुप में पुनित रस्तोगी, चीफ मेनेजर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया अहमदाबाद एवं रेणुका अजमेरी अस्सिटेंड मेनेजर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया इन्दौर से उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम निर्मला महाविद्यालय की प्राचार्या एवं अकादमिक निदेशक प्रोफेसर. डॉ. कीर्ति डिड्डी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता पुनित रस्तोगी ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस प्रकार स्टॉक एक्सचेंज का विनिमय निवेशको की सुरक्षा, और बाजार की निगरानी सेबी के माध्यम से की जाती है और बाजार को नियंत्रित करने के लिए सेबी किस प्रकार कार्य करता है, सेबी निवेशको को धोखाधड़ी से बचाने के लिए नियम बनाता है एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करता है। विद्यार्थी किस प्रकार से इन संस्थाओं से जुडकर अपना स्वंय का व्यवसाय एवं भविष्य को सुनिश्चित कर सकते है। इस कार्यक्रम में उज्जैन के निर्मला महाविद्यालय, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय कालिदास स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय माकडौन, संस्कृत पाणिनी विश्वविद्यालय, जेआरएन विश्वविद्यालय उदयपुर, इंटरनेशनल इंस्टीट्युट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के शिक्षको एवं विद्यार्थियों द्वारा ऑन लाईन / ऑफ लाईन माध्यम से सहभागिता कि गई। संचालन डॉ. सुचि गुप्ता द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी प्राध्यापक डॉ. मेजर चन्द्रशेखर शर्मा द्वारा दी गई।




### सघन जागरूकता अभियान अंतर्गत एचआईवी एड्स की जानकारी दी

**महिदपुर.** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति जिला उज्जैन के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में सघन जागरूकता अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर के अंतर्गत छात्रों को एचआईवी, एड्स की महत्वपूर्ण जानकारी परामर्शदाता आईसीटीसी अरुण कुमार एवं गोपाल सिंह राजपूत आरकेएस के परामर्शदाता, उमा पांडे एलडब्लूएस लिंक वर्कर स्कीम के द्वारा एचआईवी फैलने के कारण, बचाव के उपाय और एड्स की अवस्था के बारे में विस्तार से छात्रों को समझाया और जागरूक किया गया। छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के अनुसार प्रश्न किए जिनका उत्तर संतोषजनक दिया गया और भविष्य में जागरूक रहने के उपाय के बारे में बताया गया तथा यह जानकारी अपने घर, समाज, गांव आदि में देने का आव्हान किया गया। इसकी जानकारी ही बचाव है। प्राचार्य किशोर परमार ने सभी का पुष्प माला से स्वागत किया और अंत में आभार व्यक्त किया गया।

### श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया, हरे रामा हरे कृष्णा कीर्तन पर झूमे भक्त

**नागदा। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) परिवार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य एवं धर्ममय आयोजन शुक्रवार, 22 अगस्त को आदिगोड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला, विशाल मेगामार्ट के पास संपन्न हुआ।**



इस्कॉन उज्जैन के कोऑर्डिनेटर धीर गौर प्रभु जी ने श्री कृष्ण अमृत प्रवचन देकर श्री कृष्ण जन्म महत्व एवं उनके जीवन से मिलने वाली विभिन्न शिक्षाओं के बारे में बताया। नित्य हरे रामा हरे कृष्णा नाम जब एवं गीता पाठ करने का महत्व बताकर सिखाया की जीवन प्रबंधन के लिए गीता पाठ करना बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, श्रीमद् भागवत गीता एवं भगवान श्री कृष्ण का जन्म हमें जीवन जीने की कला सिखाता है।

इस्कॉन मंडली द्वारा मृदंग की ताप पर सभी कृष्ण प्रेमियों ने झूम कर हरे रामा हरे कृष्णा नाम कीर्तन पर नृत्य किया। आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। भक्तों ने भक्ति-भाव से सत्संग, कीर्तन एवं महाप्रसाद का आनंद लिया। समाजजन पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को संगीत, नृत्य और उल्लास के साथ मनाया।

इस्कॉन मंडल के मुकेश डोडिया बृजेश शुक्ला डॉक्टर अनंत शर्मा सोमदेव पाल ओमप्रकाश चौहान पुरुषोत्तम माखरिया कमल माखरिया सूरज शर्मा अजय गरवाल, संध्या शुक्ला नूपुर शर्मा राखी डोडिया वर्षा मेहता आदि मौजूद रहे। इस्कॉन परिवार द्वारा आयोजित इस महोत्सव ने पूरे वातावरण को कृष्णमय कर दिया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।




### लायंस क्लब उज्जैन सम्राट की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

**नवीन क्लब के अध्यक्ष ला.पोरवाल को इंटरनेशनल द्वारा किट भेंट की**

**उज्जैन।** रीजन चेयरपर्सन ला. प्रदीप यादव के सार्थक प्रयासों से लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स द्वारा ला. विनोद लुल्ला की अध्यक्षता में लायंस क्लब उज्जैन सम्राट की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ ला.प्रवीण वशिष्ट रहे। नवीन क्लब अध्यक्ष ला. निलेश पोरवाल, सचिव ला. आकाश लक्षरी, कोषाध्यक्ष ला. पवन पंवार एवं कार्यकारिणी का संस्थापन इंदौर से पधारे संस्थापन अधिकारी एमसीसी ला. कुलभूषण मित्तल ने कराया। शपथ पीडीजी ला. डॉ अजय गुप्ता द्वारा कराई गई। पीएमजेएफ ला. बलबीर सिंह साहनी द्वारा लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स द्वारा प्रायोजित लायंस क्लब उज्जैन सम्राट के गठन के बारे मे बताया गया। डिस्ट्रिक्ट सचिव ला. सुशील पोरवाल एवं जोन चेयरपर्सन ला. संजय शाह मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम दौरान नवीन क्लब के अध्यक्ष ला. निलेश पोरवाल को इंटरनेशनल द्वारा किट भेट की गई। नवीन सदस्यों में ला. संकेत अग्रवाल, ला.अखिलेश बाफना, ला. समीर मंसूरी, सह सचिव ला.बाबूलाल गहलोत, ला अभिषेक गुप्ता, ला सावन नामदेव, ला.नितिन पंवार, अनिल गुजराती, ला. अक्षय पोरवाल, ला.गिरिराज यादव, ला. दुर्गेश पोरवाल, ला. अर्पित राठौर, ला.नीलेश राणा, ला. आनंद अग्रवाल, ला. संदीप पाठक, ला.संजय बंसल, ला. सुनील व्यास, ला. मयूर शर्मा आदि उपस्थित थे। होस्ट क्लब के कोषाध्यक्ष ला. प्रवीण कस्बे, ला. प्रदीप मित्तल, ला. संजय जैन बबली, ला. संजय गर्ग, ला. दिलीप गुप्ता, ला. संजय वर्मा, ला. शशि अरोरा, ला.हेमंत अरोरा, ला. मोनू रोमेश शर्मा, ला. राजू केवलरमानी आदि उपस्थित थे। आभार ला. राजकुमार सोनी ने माना।

### बीमा की त्वरित सेवाओं की सराहना, सौंपा क्लेम का चेक

**नेशनल इन्श्योरेंस का ग्राहक मिलन व त्वरित दावा निपटान समारोह**

**उज्जैन। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी उज्जैन के मंगल कार्यालय द्वारा ग्राहक मिलन समारोह एवं त्वरित दावा निपटान शिविर का आयोजन किया गया।**



उज्जैन औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष आनंद बागड़, बॉक्स पैकर्स के मालिक रमेश साबू और अन्य उद्योगपति की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक समीर कालरा, क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र जोशी एवं वरिष्ठ मंडल प्रबंधक पी सी निहोरे द्वारा मेसर्स टिल्लू इलेक्ट्रॉनिक के मालिक संजय गुप्ता को 67,05,250 रूपये राशि का क्लेम का चेक सौंपा गया।

आंनद बांगड़ ने नेशनल इन्श्योरेंस की बीमा की त्वरित सेवाओं की सराहना की। वर्तमान में अमेरिका की टैरिफ नीति पर भी अपने विचार रखे रमेश साबू ने बताया कि नेशनल इन्श्योरेंस कंपनी से वे तब से जुड़े है जब यह कंपनी रूबी के नाम से भी जानी जाती थी। संजय गुप्ता ने नेशनल इन्श्योरेंस की दावों का त्वरित निराकरण की प्रशंसा की। समीर कालरा उप महाप्रबंधक ने बीमा क्षेत्र में अपने विचार रखते हुवे त्वरित सेवा हेतु पूर्ण आश्वासन दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र जोशी ने ग्राहकों को सर्वोपरी मानते हुवे उद्बोधित किया। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक पी.सी.निहोरे ने अपने उद्बोधन में ग्राहकों को सर्वोपरि मानते हुवे नई पालिसियों से अवगत कराया।

विकास अधिकारी सरबजीत सिंह द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी चंद्रशेखर सेन ने किया एवं आभार विकास अधिकारी धर्मेन्द्र झांझरी ने प्रकट किया।

**धर्म-आस्था** | **जिनशासन सेवा परिवार ने पर्युषण पर्व पर किया अनोखा घर-घर परमात्मा आयोजन**

# घर-घर पहुँचे अरिहंत, हर-मन में जागा परमात्मा





**उज्जैन।** पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर जिनशासन सेवा परिवार ने एक अनूठी पहल करते हुए घर-घर परमात्मा, हर-मन परमात्मा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और आत्मशुद्धि का अद्भुत संगम बन गया।

इस सेवा का उद्देश्य उन साधर्मिक बंधुओं को प्रभु-दर्शन का सौभाग्य दिलाना है, जो शारीरिक असमर्थता के कारण जिनालय जाकर पूजन-दर्शन नहीं कर पाते। उल्लेखनीय है कि यह सेवा वर्ष 2017 से निरंतर चल रही है और तब से हर साल अनेक श्रावक-श्राविकाएँ इसका लाभ लेकर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

इस वर्ष भी लगभग 50 युवा पूजन वस्त्र में व्रतपूर्वक व निराहार रहकर शीतलनाथ भगवान की सुंदर चलित प्रतिमा लेकर पूरे उज्जैन नगर के कोने-कोने में पहुँचे। ढोल-नगाड़ों, भक्ति-गीतों और जयकारों के साथ यह यात्रा श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी रही। हर गली-मोहल्ले में प्रभु की इस भक्ति को देखकर लोग भावविभोर हो उठे।

जहाँ-जहाँ भी भगवान की प्रतिमा पहुँची, वहाँ सबसे पहले अष्टप्रकारी पूजन करवाया गया। समाजजनों ने प्रभु का पूजन कर वातावरण को भक्ति और पवित्रता से सराबोर कर दिया। प्रभु की आराधना, वंदना और गीतों के माध्यम से सभी ने अपनी भक्ति अर्पित की। कई वृद्धजन और महिलाएँ, जो दिनों-वर्षों से मंदिर जाकर दर्शन करने में असमर्थ थे, इस कार्यक्रम से कृतार्थ हुए। किसी की आँखों से आनंदाश्रु झर रहे थे, तो कोई गद्गद स्वर में प्रभु-भक्ति गा रहा था।

आ. श्रीमद विजय जगत्चन्द्रसुरिश्वर जी म.सा. के मंगल आशीर्वाद से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा खाराकुवा से निकलकर छोटा सराफा, डाबरीपीठा, मेट्रो टॉकीज, वी.डी. मार्केट, नयापुरा, एम.पी. नगर, पार्श्वनाथ सिटी, भरतपुरी, फ्रीगंज, अरविन्दनगर, मनीपार्क और सूरजनगर क्षेत्रों में सम्पन्न हुई। बरसात की रिमझिम फुहारों और भक्ति के स्वर में यह आयोजन और भी मनोहारी बन गया।

यह कार्यक्रम केवल दर्शन कराने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने यह संदेश दिया कि जहाँ आस्था है, वहीं परमात्मा हैं। धर्म केवल मंदिर तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सेवा और आत्मा की शुद्धि ही उसका वास्तविक स्वरूप है। जब प्रभु की प्रतिमा किसी वृद्ध या बीमार श्रावक के घर पहुँची और उन्होंने हाथ जोड़कर प्रभु का स्मरण किया, तो पूरा वातावरण भावविभोर हो उठा।

प्रत्येक वर्ष कई घरों में यह यात्रा पहुँचती है। यह न केवल असमर्थ जनों के लिए प्रभु-दर्शन का अवसर है, बल्कि युवाओं के लिए आत्मशक्ति, अनुशासन और सेवा-भावना का अभ्यास भी है। निराहार रहकर, दिनभर प्रतिमा लेकर चलना, प्रत्येक स्थान पर पूजन करानाकृयह सब युवाओं में तप और सेवा की भावना को प्रगाढ़ करता है।

अंतत: यह अनोखा घर-घर परमात्मा आयोजन ढेर सारी दुआओं और आशीर्वादों के साथ सम्पन्न हुआ। जिन घरों में यह सेवा पहुँची, वहाँ से आशीर्वाद और कृतज्ञता की अमूल्य निधि लौटी। युवाओं ने इसे अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया और समाजजनों ने इसे पर्युषण पर्व की सबसे महत्वपूर्ण घटना के रूप में सराहा।